# सहायक प्रबंधक (ग्रेड 'ए') एवं प्रबंधक (ग्रेड 'बी') के पद (सीधी भर्ती आधार पर) हेतु आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में विज्ञापन

**इण्डिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फ़ाईनैन्स कम्पनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल)** भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्वाधीन उद्यम है। आईआईएफसीएल देश में विभिन्न अर्थक्षम आधारभूत परियोजनाओं को दीर्घकालिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता है। कंपनी सड़क, रेलवे, पत्तन, विमान पत्तन, अंतर्देशीय जलमार्ग, बिजली, शहरी अवसंरचना, गैस पाइपलाइन, विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), मालगोदाम, शीत गृह श्रृंखला तथा पर्यटन सहित आधारभूत परियोजनाओं को दीर्घावधि वित्तीय सहायता प्रदान करती है। कंपनी घरेलू बाजार, द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय एजेंसी जैसे जेबीआईसी, केएफडब्ल्यू, एडीबी एवं विश्व बैंक से दीर्घकालिक संसाधन जुटाती है।

आईआईएफसीएल सीधी भर्ती (अखिल भारतीय खुली प्रतिस्पर्धा) के माध्यम से निम्नलिखित विवरणानुसार सहायक प्रबंधक (ग्रेड 'ए') एवं प्रबंधक (ग्रेड 'बी') के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:

**1. पद का नाम:**

| पद का कोड | ग्रेड | रिक्त पदों की संख्या | आरक्षित पदों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एससी | एस टी | ओबी सी | ईडब्ल्यू एस | यूआर |
| **01** | सहायक प्रबंधक (ग्रेड 'ए') | 10 | 01 | 01 | 02 | 01 | 05 |
| **02** | प्रबंधक (ग्रेड 'बी') | 6 | 01 | -- | -- | 01 | 04 |
| **कुल** | | **16*** | 02 | 01 | **02** | **02** | **09** |

* एक रिक्त पद नेत्रहीन (दिव्यांग) हेतु आरक्षित है।

**संक्षिप्त शब्द: एससी** - अनुसूचित जाति, **एसटी** - अनुसूचित जनजाति, **ओबीसी** - अन्य पिछड़ा वर्ग, **ईब्डल्यूएस** - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **यूआर** - अनारक्षित

**वेतनमान, भत्ते एवं अनुलब्धियां:**

| पद का कोड | पद | वेतनमान | सकल वेतन* (लगभग) (प्रारंभिक बेसिक + ग्रेड भत्ता + डीए + एचआरए + परिवार भत्ता + स्थानीय भत्ता) (यथा लागू) |
|---|---|---|---|
| 01 | सहायक प्रबंधक (ग्रेड 'ए') | 28150-1550(4) - 34350 -1750(7) - 46600 -ईबी - 1750(4) - 53600 - 2000(1) - 55600 रुपये (17 वर्ष) | 68,000/- रुपये |
| 02 | प्रबंधक (ग्रेड 'बी') | 35150 – 1750 (9) - 50900 – ईबी -1750(2) -54400 - 2000(4) -62400 (16 वर्ष) | 84,000/- रुपये |

*संशोधन-पूर्व

क) उपरोक्त दिये गये वेतनमान के अनुसार सकल वेतन के अतिरिक्त, उपरोक्त उल्लिखित पद में पट्टाकृत आवास सुविधा (एचआरए के स्थान पर), एनपीएस, उपदान, छुट्टी किराया रियायत, छुट्टी नकदीकरण, चिकित्सीय व्ययों की प्रतिपूर्ति, वाहन किराया सुविधा, मोबाइल, आवासीय टेलीफोन, समाचार पत्र, घरेलू व्यय इत्यादि एवं कंपनी के समय-समय पर संशोधित आईआईएफसीएल कर्मचारी सेवा विनियम व नियमों के अनुसार अन्य ऋण जैसी अन्य सुविधाएं भी शामिल होंगी।

ख) जेएआईआईबी/सीएआईआईबी/पेशेवर योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों को उपरोक्त वर्णित वेतनमान में/कंपनी की नीति के अनुसार एक/दो अतिरिक्त वेतनवृद्धि दी जा सकती है। प्रबंधन, सुपात्र अभ्यर्थियों के मामले में, उपरोक्त प्रस्तावित नियुक्ति के ग्रेड हेतु निर्धारित वेतनमान में आगे अधिकतम दो वेतनवृद्धि प्रदान करने पर भी विचार कर सकता है। प्रबंधन के पास उपरोक्त दो अतिरिक्त वेतनवृद्धि प्रदान करने के संदर्भ में अधिकार सुरक्षित हैं।

**2. आरक्षण/छूट/रियायत:**

अजा/अजजा/अपिव (गैर क्रीमी लेयर)/दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षण/छूट/रियायत दी जाएगी।

**प्रयुक्त संक्षिप्त शब्द: एससी** - अनुसूचित जाति

**एसटी** - अनुसूचित जनजाति

**ओबीसी** - अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)

**यूआर** - अनारक्षित

**ईब्डल्यूएस** - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग

**आयु में छूट निम्न तालिकानुसार दी जाएगी:-**

| **क्र.सं.** | **अभ्यर्थी का वर्ग** | **आयु में छूट** |
|---|---|---|
| (क) | अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजनति (एसटी) | 5 वर्ष तक |
| (ख) | अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) गैर क्रीमी लेयर | 3 वर्ष तक |
| (ग) | दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) | 10 वर्ष (एससी/एसटी)<br>8 वर्ष तक (ओबीसी)<br>5 वर्ष तक (अनारक्षित) |
| (घ) | वे सभी व्यक्ति जो 01-01-1980 से 31-12-1989 के दौरान जम्मू-कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग के सामान्य रूप से अधिवासी रहे। | 5 वर्ष तक |
| (ड.) | उन व्यक्तियों के बच्चे/परिवार के सदस्य जिनकी 1984 के दंगों में मृत्यु हुई है। | 5 वर्ष तक |
| (च) | भूतपूर्व सैनिक **(अनुलग्नक 'क' में विवरण)** | 5 वर्ष तक |

**3. अर्हता एवं अनुभव**

**क) सहायक प्रबंधक-(ग्रेड 'ए') (पद का कोड - 01)**

| आयु | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | अर्हता पश्चात न्यूनतम अनुभव |
|---|---|---|
| अधिकतम 30 वर्ष | स्नातकोत्तर/एमबीए/ पीजीडीबीएम/ पीजीडीएम/पीजीडीबीए/एलएलबी/सीए/ आईसीडब्ल्यूए/सीएस/एमसीए/बी.टेक (आईटी)*/बीई (आईटी)* | अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान/अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक/निजी क्षेत्र के बैंक/एनबीएफसी/सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन/केंद्र सरकार/राज्य सरकार/अन्य संस्थानों में अधिकारी संवर्ग में न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव। |

* एसएपी प्लेटफॉर्म पर क्रेडिट लेखांकन में आवश्यक निर्धारित अनुभव के साथ

**ख. प्रबंधक-(ग्रेड 'बी') (पद का कोड - 02)**

| आयु | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | अर्हता पश्चात न्यूनतम अनुभव |
|---|---|---|
| अधिकतम 40 वर्ष | **आवश्यक अर्हता**<br>स्नातकोत्तर/एमबीए/ पीजीडीबीएम/ पीजीडीएम/पीजीडीबीए/एलएलबी/सीए/ आईसीडब्ल्यूए/सीएस/एमसीए/बी.टेक (आईटी)*/बीई (आईटी)* | I. क) अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान/अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक/निजी क्षेत्र के बैंक/एनबीएफसी/सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन/केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अवसंरचना परियोजना वित्त/ऋण प्रबंधन /दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन/वसूली/विधि संबंधी सम्यक उद्यम/जोखिम प्रबंधन/ संसाधन संग्रहण/कार्पोरेट बैंकिंग/वित्त/लेखा/आईटी/एमआईएस/लेखापरीक्षा/मानव संसाधन/प्रशासन/प्रचालन शोध के क्षेत्र के अन्य संस्थान से न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।<br>ख) एवं अधिकारी/कार्यकारी संवर्ग में न्यूनतम 5 वर्ष का समग्र अनुभव<br>अथवा<br>II. किसी दूसरे वित्तीय संस्थान/बैंक/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में समान ग्रेड |

* एसएपी प्लेटफॉर्म पर क्रेडिट लेखांकन में आवश्यक निर्धारित अनुभव के साथ

I. उपरोक्त पैरा 3 में वर्णित अपेक्षित अवधि का न्यूनतम अनुभव **अधिकारी संवर्ग में** हो।

II. उपरोक्त पैरा 3 में वर्णित ग्रेड का न्यूनतम स्तर जिसमें कार्य किया है, **वर्तमान में धारित ग्रेड हो एवं अनियोजित अभ्यर्थियों के मामले में केवल अंतिम धारित ग्रेड हो।**

III. सभी अर्हता यूजीसी/एआईसीटीई/एआईयू (भारत सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त हो।

IV. निजी क्षेत्र के बैंकों/एनबीएफसी में वर्तमान में कार्यरत अभ्यर्थी स्पष्ट तौर पर लिखें कि उनके वर्तमान संगठन में उनका पदनाम/वेतनमान पैरा 3 में उल्लिखित के समतुल्य अथवा उससे अधिक है। इन अभ्यर्थियों को पद विशेष के प्रति अपनी पात्रता का औचित्य सिद्ध करने के लिए वर्तमान रोजगार (अभ्यर्थी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित) की संगठन संरचना एवं वेतनमान की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक है ऐसा न करने पर उनके आवदेन पर विचार नहीं किया जाएगा।

V. वर्तमान में सरकारी/निजी क्षेत्र में कार्यरत/स्वायत्त निकाय के कर्मचारियों के आवेदन समुचित माध्यम से भेजे जाएं अथवा साक्षात्कार के समय पर उन अभ्यर्थियों को वर्तमान नियोक्ता का 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा ऐसा न करने पर ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

VI. आईआईएफसीएल के पास न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं/अथवा न्यूनतम कार्यानुभव में पात्रता मापदंड को बढ़ाने/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है। इसके अतिरिक्त प्रबंधन के पास प्रत्येक ग्रेड में रिक्तियों की संख्या को घटाने-बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।

**4. राष्ट्रीयता/नागरिकता**

अभ्यर्थी भारत का नागरिक हो।

**5. चयन प्रक्रिया:**

मात्र योग्यता मानदंड पूरा करने वाला अभ्यर्थी आगे की प्रक्रिया के लिए बुलाये जाने का पात्र नहीं होगा। चयन प्रारंभिक जांच, लिखित परीक्षा, व्यावहारिक परीक्षा एवं साक्षात्कार की रीति के किया जाएगा। आईआईएफसीएल के पास अभ्यर्थी की योग्यता, अनुभव, उपयुक्तता इत्यादि के संदर्भ में प्रारंभिक जाचं/चयन के पश्चात लिखित परीक्षा, व्यावहारिक परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए अपेक्षित संख्या के अभ्यर्थियों को ही बुलाने का अधिकार सुरक्षित है। इस संबंध में, आईआईएफसीएल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**6. कार्यस्थल**

कार्यस्थल वर्तमान में नई दिल्ली में आईआईएफसीएल का कार्पोरेट कार्यालय होगा। हालांकि आईआईएफसीएल के पास चयनित अभ्यर्थी को भारत/विदेश में कहीं भी तैनात करने का अधिकार सुरक्षित है।

**7. विनिर्दिष्ट शर्तें:**

I. नियुक्ति आईआईएफसीएल के सेवा एवं आचार नियम के अधीन होगी।

II. यह नियुक्ति ग्रेड 'ए' एवं ग्रेड 'बी' की सक्रिय सेवा के दो वर्षों की अवधि की परिवीक्षा पर होगी। इस नियुक्ति को कंपनी की सेवा में स्थायी होना न समझा जाए जब तक कि विनिर्दिष्ट तौर पर स्थायीकरण

की सूचना लिखित में न दी जाए। पहले 11 माह की अवधि के दौरान केवल आकस्मिक छुट्टी जो देय हो, प्राप्त करने की अनुमति होगी। किसी अन्य प्रकार ली गई छुट्टी के परिणामस्वरूप, परिवीक्षा अवधि उस अवधि तक बढ़ जाएगी जिस अवधि तक ऐसी छुट्टी ली गई हो।

III. आवेदन के साथ निम्नलिखित सहित सभी प्रमाणपत्रों की स्व अनुप्रमाणित प्रतिलिपियां प्रदान की जाएं:-
   i. शैक्षणिक/पेशेवर प्रमाणपत्र (कक्षा 10 से नवीनतम अवधि तक)
   ii. अनुभव संबंधी प्रमाणपत्र (पिछले सभी नियोक्ताओं के नियुक्ति एवं कार्यमुक्ति पत्र सहित)
   iii. भूतपूर्व सैनिक का प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
   iv. अंतिम आहरित वेतन की प्रति
   v. जाति प्रमाणपत्र, यदि लागू, भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप के अनुसार
   vi. दिव्यांग (नेत्रहीन) प्रमाणपत्र यदि लागू, भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप के अनुसार
   vii. कोई अन्य प्रासंगिक प्रमाणपत्र/प्रशस्ति पत्र इत्यादि

आवेदन के साथ मूल प्रमाणपत्र संलग्न करना आवश्यक नहीं है। आईआईएफसीएल ऐसे प्रमाणपत्रों के गुम होने/खोने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

IV. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति उसकी आईआईएफसीएल को स्वीकार्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सीय रूप से स्वस्थ होने की घोषणा, पुलिस प्राधिकारियों द्वारा उसके चरित्र एवं पूर्ववृत्त के बारे में संतोषजनक रिपोर्ट, उसके अनुमोदकों की संतोषजनक रिपोर्ट एवं आईआईएफसीएल को पूर्णतया संतुष्ट करने वाली भर्ती-पूर्व अन्य सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के अधीन होगी।

**8. सामान्य शर्तें:**

I. आईआईएफसीएल की अधिवर्षिता की आयु 60 वर्ष है।

II. उपरोक्त पद हेतु एमएस-ऑफीस सहित कंप्युटर का व्यावहारिक ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है।

III. आईआईएफसीएल किसी आवेदन अथवा पत्राचार की डाक संबंधी आवागमन में किसी प्रकार के विलंब अथवा क्षति की कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा। अभ्यर्थियों को उनके स्वयं के हित में सूचित किया जाता है कि वे डाक संबंधी आवागमन में होने वाली संभावित देरी से बचने के लिए अंतिम तिथि से पूर्व समय पर अपना आवेदन जमा करें।

IV. यह अत्यंत आवश्यक है कि आवेदन निर्धारित प्रारूप के अनुसार हो एवं भली भांति तथा पूरा भरा गया हो व उसमें कोई परिवर्तन/काट-छांट न की गई हो।

V. आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर पासपोर्ट साइज का नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ चिपकाया गया हो एवं उस फोटोग्राफ के आर-पार अभ्यर्थी का हस्ताक्षर किया गया हो।

VI. आवेदन पत्र भरने से पूर्व, अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे उक्त पद जिसके लिए आवदेन कर रहे हैं, के संबंध में **31 जनवरी, 2021** को आयु, शैक्षिक योग्यता, कार्यानुभव इत्यादि से संबंधित सभी पात्रता

मापदंड पूरा करते हों साथ ही आवेदन पत्र में प्रस्तुत ब्यौरे सभी संबंधों में सही हों। अभ्यर्थी की पात्रता, वह चरण जिसमें पात्रता की ऐसी जांच की जांच की जा रही है, साक्षात्कार, चयन एवं भर्ती से संबंधित अन्य विषय के प्रयोजनार्थ प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजों से संबंधित सभी मामलों में आईआईएफसीएल का निर्णय अंतिम होगा तथा अभ्यर्थी को बाध्यकारी होगा। आईआईएफसीएल इस संबंध में किसी प्रकार के पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ पर विचार नहीं करेगा।

VII. भर्ती के किसी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंड पूरा नहीं करता है एवं/अथवा उसने कोई गलत/मिथ्या जानकारी/प्रमाणपत्र/दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं अथवा उसने कोई महत्वपूर्ण तथ्य(यों) छुपाये हैं तो उसकी अभ्यर्थितता निरस्त कर दी जाएगी। यदि इस प्रकार की कोई भी कमियां नियुक्ति के उपरांत भी पायी जाती है/हैं तो भी उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी।

VIII. पते में परिवर्तन/समूह परिचर्चा एवं/अथवा साक्षात्कार के केन्द्र में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

IX. आईआईएफसीएल के पास बिना कोई कारण बताये किसी भी चरण में कोई आवेदन/अभ्यर्थिता को अस्वीकार करने का अधिकार है एवं इस संबंध में आईआईएफसीएल का निर्णय अंतिम होगा।

X. आईआईएफसीएल के पास बिना कोई कारण बताये किसी भी चरण में चयन प्रक्रिया/विज्ञापन को पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से अस्वीकार/रद्द करने का अधिकार है एवं इस संबंध में आईआईएफसीएल का निर्णय अंतिम होगा।

XI. इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई विवाद पूर्णतया दिल्ली में स्थित न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

XII. साक्षात्कार के लिए बुलाये गये अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग (नेत्रहीन) वर्ग के दिल्ली से बाहर के अभ्यर्थियों को उसकी तैनाती के स्थान से साक्षात्कार एवं वापसी के स्टेशन तक 3 एसी रेल किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

XIII. किसी भी स्वरूप में की गई अनुयाचना से अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

XIV. सूचना पत्र इत्यादि, अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में उल्लिखित **वर्तमान पते** पर ही भेजी जाएगी।

XV. इस भर्ती विज्ञापन के संबंध में कोई परिवर्तन/संशोधन/सूचना कंपनी की वेबसाइट में ही दी जाएगी। इस पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अद्यतन हेतु नियमित तौर पर वेबसाइट देखें।

**09. आवेदन कैसे करें**

पात्र अभ्यर्थी, निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन (डाक द्वारा) बंद लिफाफे में स्पष्ट अक्षरों में **सहायक प्रबंधक/प्रबंधक पद हेतु आवेदन, पद का कोड 01/02 (आवेदन किये गये पद एवं पद के कोड का उल्लेख करें) (पद एवं पद के कोड का उल्लेख करें जिसके लिए आवेदन किया गया है)** लिखकर **पोस्ट बॉक्स सं. डीईएल-231588C टाईम्स ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली-110103** में भेजें। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/रीति स्वीकार्य नहीं होगी। ऐसा आवेदन जो निर्धारित प्रारूप में नहीं है अथवा अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित नहीं है अथवा किसी भी संबंध में अपूर्ण है, पर विचार नहीं किया जाएगा एवं ऐसे आवेदन अस्वीकृत समझे जाएंगे।

**इसके अतिरिक्त केवल चुने गये अभ्यर्थियों को ही चुने जाने की सूचना दी जाएगी एवं लिखित परीक्षा, व्यावहारिक परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।**

**10. आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय)**

**16.03.2021 को अथवा से पूर्व 'इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड' के पक्ष में जारी नई दिल्ली में देय वैध डिमांड ड्राफ्ट की रीति से**

| **वर्ग** | **कुल** |
|---|---|
| सामान्य अभ्यर्थी | 500/- रुपये |

**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है।**

**11. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि:**

पासपोर्ट आकार के नवीनतम फोटोग्राफ एवं प्रमाणपत्रों की स्व अनुप्रमाणित प्रतियों से युक्त आवेदन उपरोक्त दिये गये पते पर 16.03.2021 को अथवा पूर्व पहुंच जाने चाहिए। विदेश में रहने वाले अभ्यर्थियों एवं अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, लाहौल एवं स्फीति जिले में तैनात अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23.03.2021 होगी। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पर आईआईएफसीएल द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन दिये गये पोस्ट बॉक्स नंबर पर साधारण डाक से ही भेजें। आवेदन भेजने के कोई अन्य माध्यम पर विचार नहीं किया जाएगा।

**<u>अनुलग्नक 'क'</u>**

**सूचना:-**

**(i) भूतपूर्व सैनिक** जिसने अपने पुन: रोजगार के लिए भूतपूर्व सैनिक के तौर पर उसे दिये गये लाभ प्राप्त करने के उपरांत एक बार सिविल सेवा में सरकारी सेवा में कार्य ग्रहण किया हो, सरकार में पुन: रोजगार के प्रयोजनार्थ उसका पूर्व सैनिक का दर्जा समाप्त हो गया हो।

**(ii)** ऊपरी आयु सीमा में छूट की अनुमति सरकार के दिशानिर्देशानुसार संचयी आधार पर दी जाती है।

**(iii)** विस्तृत विज्ञापन के 3 (घ) के तहत आयु में छूट के पात्र सभी व्यक्तियों को साक्षात्कार के समय पर, कश्मीर संभाग के जिलाधीश जिसके अधिकार क्षेत्र में वे सामान्य तौर पर रहते थी अथवा इस संबंध में जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा कोई अन्य निर्दिष्ट प्राधिकारी से जारी यह दर्शाने वाला अधिवास प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा कि अभ्यर्थी 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग का अधिवासी रहा है।

**(iv) भूतपूर्व सैनिक (सभी पदों के लिए जिनका इस विस्तृत विज्ञापन में उल्लेख किया गया है):** भूतपूर्व सैनिक (ईसीओ/एसएससीओ सहित) के मामले में 5 वर्ष की छूट की अनुमति दी जाती है परंतु आवेदक ने कम से कम पांच वर्ष की सैन्य सेवा प्रदान की हो एवं कदाचार अथवा अक्षमता के कारण पदच्युति अथवा सेवामुक्ति से अन्यथा, कार्य पूर्ण होने पर, सेवा मुक्त किया गया हो (वे भी जिनका कार्य छ: माह के भीतर पूरा होने वाला है) अथवा शारीरिक विकलांगता के कारण से अथवा सैन्य सेवा अथवा अमान्यकरण के कारण शारीरिक विकलांगता के कारण सेवा मुक्त किया गया हो। ईसीओ/एसएससीओ जिन्होंने सैन्य सेवा के पांच वर्ष की कार्य की प्रारंभिक अवधि पूरी कर ली है परंतु जिनके कार्य को आगामी पांच वर्ष बढ़ा दिया गया है एवं जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय यह प्रमाणपत्र जारी करता है कि चयन होने पर, उन्हें नियुक्ति पत्र की प्राप्ति से तीन माह के भीतर सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा।

# आवेदन - प्रपत्र

**कृपया स्पष्ट अक्षरों (कैपिटल लेटर) में भरें और प्रत्येक शब्द के बीच एक खाने का अंतराल रखें।**

पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं, जो आर पार हस्ताक्षरित होनी चाहिए
Affix signed passport size photograph which should be signed across

1. **पद का कोड** :

2. **आवेदित पद :**

3. **स्पष्ट अक्षरों में भरें** :
(प्रथम/ मध्य/ एवं अंतिम नाम के बीच एक खाना खाली छोड़ें) श्री/सुश्री/श्रीमती

4. (क) **पिता/पति का नाम** :

(ख) **व्यवसाय** :

5. **स्थाई पता** | **वर्तमान पता**

राज्य: : राज्य:

पिन कोड : पिन कोड:

6. **संपर्क(फोन) नंबर**: (एसटीडी कोड सहित)
निवास:
कार्यालय:
मोबाईल सं. :
ई - मेल:

7. **लिंग** (**पुरूष**/ **स्त्री**):

8. **वैवाहिक स्थिति** (**विवाहित**/**अविवाहित**) **:**

9. **राष्ट्रीयता** :

10. **रक्त समूह(ग्रुप)** :

11. **उम्मीदरवार से संबद्ध श्रेणी**: (**उपयुक्त खाने में चिंहित करें**)

(क)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एससी/ **SC** | | एसटी/**ST** | | ओबीसी **/ OBC** | | सामान्य/ **GEN** | |

(ख) दिव्यांगता युक्त व्यक्ति (पीडब्लूडी) - ( हां / नहीं):

(ग) भूतपूर्व सैनिक ( हां / नहीं):

12. **जन्म तिथि** :(**दिन**/**माह**/**वर्ष**) **:**

आयु यथा 31.08.2020: माह वर्ष

आयु छूट का दावा किया है (हां/ नहीं):

13. **जन्म का स्थान :**

स्थान:

जिला:

राज्य:

14. **निवास का स्थान/ राज्य** :

15. **शैक्षिक / व्यावसायिक योग्यताएं** (**नवीनता के क्रम में**):

| उत्तीर्ण की गई परीक्षा | बोर्ड / विश्वविद्यालय / संस्थान | माह एवं वर्ष | | प्राप्त किए गए अंकों का प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**एमएस आफिस एवं इंटरनेट में काम करने का ज्ञान) :** ☐

16. **अनुभव के विवरण (नवीनता के क्रम में )**

| **नियोक्ता का नाम #** | **पद** | **सेवाएं देने की अवधि** | | **कुल सेवा काल** | | **निष्पादित कर्तव्यों की प्रकृति( यदि आवश्यक हो तो अलग से शीट लगाएं)** | **टिप्पणी (नौकरी छोड़ने का कारण )** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **कब से** | **कब तक** | **वर्ष** | **महीने** | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| **कुल अनुभव (वर्ष एवं महीनों में)** | | | | | | **वर्ष** | **महीने** |
| **सुसंगत क्षेत्र में अनुभव (विज्ञापन के अनुसार) (वर्ष एवं महीनों में)** | | | | | | **वर्ष** | **महीने** |

- दिनांक 31.01.2021 तक नियुक्ति में कोई विराम(गैप) या नौकरी में कोई विराम, सुस्पष्ट बताएं
- जो उम्मीदवार, वर्तमान में निजीक्षेत्र में नियुक्त है, वे निश्चित रूप से संगठन के ढांचे की और वर्तमान नियुक्ति में वेतनमान की प्रति लगाएं(जो विधिवत आवेदक के द्वारा हस्ताक्षरित हों) और एक विशेष पद हेतु अपनी पात्रता को न्यायसंगत साबित करता हो।

# वर्तमान नियुक्ति के मामले में अपने अंतिम सकल वेतन का उल्लेख करें और वेतन स्लिप लगाई जाए।

17. **ज्ञात भाषाएं :**

| भाषा | बोलना | पढ़ना | लिखना |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

18. **मातृ भाषा :** :

19. **आश्रितों की कुल संख्या** , **यदि कोई हो :**

20. **क्या आपको किसी आपराधिक दोष हेतु दंडित किया गया है ( हां/ नहीं)**

**यदि हां तो ब्यौरा दें:**

21. आपके स्थाई एवं वर्तमान आवास के निकटतम पुलिस थाने का पता: (जोन अनुसार स्पष्ट करें)

| स्थाई पता | वर्तमान पता |
|---|---|
| | |

22. **पैन संख्या** :

23. **डिमांड ड्राफट का विवरण** : राशि -------- तारीख ------------ बैंक ------------- शाखा ----------

घोषणा :

एतद्वारा मैं घोषित करता हूं कि मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार इस आवेदन पत्र में दिए गए सभी विवरण सत्य, पूर्ण एवं सही है। मैं समझता हूं कि यदि किसी भी अवसर पर सूचना गलत या असत्य पाई जाती है और मेरी पात्रता की अपेक्षाओं को संतुष्ट करनेवाला नहीं पाया जाता है तो मेरी उम्मीदवारी/ नियुक्ति निरस्त/ समाप्त करने के लिए उत्तरदायी है।

एतद्वारा मैं सहमत हूं कि इस आवेदन के समय किसी भी प्रकार का मामला(ले) या दावे या विवाद कानूनी कार्यवाही उभरती हैं तो या/और इस कथोक्त विज्ञापन के दौरान मुझ पर दिल्ली/ नई दिल्ली में स्थापित और दिल्ली / नई दिल्ली न्यायालयों/ न्यायाधिकरणों/ मंचों पर क्रियान्वित होंगे और किसी भी विवाद हेतु एक मात्र एवं अखंडित रूप से न्यायाधिकार क्षेत्र होंगा। मैं वचन देता हूं कि कंपनी के विज्ञापन में उल्लिखित की गई सभी नियम एवं शर्तों से आबद्ध हूं।

.

सथान: 　　　　उम्मीदवार के हस्ताक्षर:

तारीख: 　　　　उम्मीदवार का नाम:

: